शहरों का तापमान | बेतिया : अधिकतम 34.0° न्यूनतम 24.0° | मोतिहारी : अधिकतम 34.0° न्यूनतम 24.0°

prabhatkhabar.com

अमेरिकन सुंडी ने बढ़ायी किसानों की चिंता, हो सकता है भारी नुकसान

गन्ने की फसल पर मंडरा रहा नया खतरा

खेती

- फसल बचाने के लिए नरकटियागंज मिल प्रबंधन ने झोंकी ताकत बायलॉजिकल नियंत्रण को लेकर विशेषज्ञों की टीम उतरी खेतों में

प्रतिनिधि, नरकटियागंज

गन्ने के खेत में बीमारी की पहचान करते कृषि वैज्ञानिक .

जिले में लहलहा रही गन्ने की फसलों पर भारी संकट उठ खड़ी हुई है. फॉल आर्मी वार्म (स्पोडोप्टेरा फ्रूजीपर्डा), जिसे आम बोलचाल में 'अमेरिकन सुंडी' कहा जाता है, अब केवल मक्का तक सीमित नहीं रह गया है. कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार यह कीट गन्ने सहित 80 से अधिक फसलों को नुकसान पहुंचाने में सक्षम है. ऐसे में गन्ना उत्पादक किसानों के लिए यह गंभीर चिंता का विषय बनता जा रहा है.अमेरिका मूल का यह कीट वर्ष 2018 में भारत में बड़े स्तर पर देखा गया था.

शुरुआत में इसका प्रकोप दक्षिण भारत में सामने आया, लेकिन अब यह देश के कई राज्यों में फैल चुका है. विशेषज्ञों का कहना है कि यदि समय पर इसकी पहचान और नियंत्रण नहीं किया गया तो किसानों को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ सकता है. तेजी से फैल रहे इस विनाशकारी कीट को देखते हुए नरकटियागंज चीनी मिल ने किसानों का जहा अलर्ट कर दिया है वही कृषि विशेषज्ञों के साथ किसानों के खेतों में उतर कर टीम काम कर रही है. चीनी मिल के कार्यपालक अध्यक्ष रविन्द्र कुमार तिवारी ने बताया कि इस समय सबसे जरूरी है गन्ने की फसल को अमेरिकन सुंडी से बचाना. यह कीट बहुत ही विनाशकारी है और ये कुछ ही दिनों में किसानों की सारी मेहनत पर पानी फेर सकता है. उन्होंने कहा की हमारी टीम लगातार इस प्रकोप से फसलों को बचाने के लिए काम कर रही है. कीट से लड़ाई केवल दवा से नहीं, बल्कि समय पर निगरानी और समझदारी से जीती जा सकती है.

कृषि विशेषज्ञों के मुताबिक कई किसान इसे सामान्य इल्ली समझकर नजरअंदाज कर देते हैं, जबकि यह बहुत तेजी से फसल को नुकसान पहुंचा सकता है.

कितना हो सकता है नुकसान: इस कीट के हमले से पौधों की शुरुआती वृद्धि प्रभावित होती है. टिलरिंग कम हो जाती है, प्रकाश संश्लेषण की क्षमता घटती है और गन्ने की मोटाई व वजन पर असर पड़ता है. इसका सीधा प्रभाव उत्पादन और चीनी रिकवरी पर भी पड़ सकता है.

बचाव के लिए अपनाएं आइपीएम तकनीक : विशेषज्ञों का मानना है कि केवल कीटनाशकों के भरोसे इस कीट पर नियंत्रण संभव नहीं है. इसके लिए इंटीग्रेटेड पेस्ट मैनेजमेंट (आइपीएम) सबसे कारगर उपाय माना जाता है.सप्ताह में कम से कम दो बार खेत का निरीक्षण करें और नई पत्तियों व पौधों के बीच वाले हिस्से की जांच करें.

खेत रखें साफ : खरपतवार और मेड़ों पर उगी घास हटाएं. संक्रमित पौधों को तुरंत नष्ट करें.

फेरोमोन ट्रैप लगाएं : प्रति एकड़ 5 से 8 फेरोमोन ट्रैप लगाने से कीट की निगरानी और नियंत्रण में मदद मिलती है. साथ ही जैविक नियंत्रण से भी फसलों को बचाया जा सकता है.

इसके प्रमुख लक्षण

- पत्तियों में अनियमित छेद दिखाई देना
- पत्तियों पर 'विंडो पेन' जैसे पारदर्शी धब्बे बनना
- पत्तियों का कंकाल जैसा नजर आना
- नई पत्तियों का कटा-फटा निकलना
- पौधे के बीच वाले हिस्से (व्हॉर्ल) में भूरे रंग की बीट का जमा होना
- पौधों की बढ़वार रुक जाना

बेतिया में दो जून से लगेगा संस्कृत महाकुंभ

जानकारी देते संस्कृत भारती के सदस्य .

- 12 दिनों में संस्कृत वाचन सिखाने में दक्ष बनेंगे बिहार और झारखंड के चयनित प्रतिभागी

बेतिया .संस्कृत को जन-जन की भाषा बनाने के उद्देश्य से काम कर रही अखिल भारतीय संस्था संस्कृत भारती द्वारा स्थानीय बरवत विद्या मंदिर में 12 दिनों का संस्कृत शिक्षक प्रशिक्षण वर्ग लगाया जाएगा. इस बाबत जानकारी देते हुए संस्कृत भारती के जिला संयोजक विभाकर दुबे ने बताया कि प्रतिवर्ष गर्मी की छुट्टी में यह वर्ग आयोजित होता है, जहां लोग संस्कृत बोलने और सिखाने की कला सीखते हैं. विद्या मंदिर के प्राचार्य फणीश्वरनाथ ने बताया कि संस्कृत प्राचीन काल में जन-जन की भाषा थी. यह एक वैज्ञानिक भाषा है. इसे हम सबको अपनाना चाहिए. आज इसे फिर से जन्म भाषा बनाने का प्रयास संस्कृत भारती के द्वारा किया जा रहा है. इस क्रम में विद्या भारती के विभाग निरीक्षक ललित राय ने बताया कि संस्कृत सीखने के लिए संस्कृत संभाषण वर्ग आयोजित किए जाते हैं. इन संभाषण वर्ग में प्रशिक्षण देने वाले शिक्षकों को तैयार करना अत्यंत आवश्यक है इसी उद्देश्य से यह प्रशिक्षण वर्ग लगाया जा रहा है. उन्होंने बताया कि शिक्षक प्रशिक्षण के साथ ही सामान्य लोगों की भी प्रशिक्षण की व्यवस्था रहेगी ताकि जो लोग शिक्षक प्रशिक्षण में हिस्सा ले रहे हैं. उन्हें संस्कृत सीखने का प्रत्यक्ष अनुभव हो सके और इसमें आने वाली कठिनाइयों को भी वर्ग में ही वह दूर करके जाएं. प्राचार्य फणीश्वर नाथ ने लोगों से आहवान किया कि इस वर्ग में ज्यादा से ज्यादा संख्या में हिस्सा ले बच्चों से लेकर बूढ़े तक इस वर्ग में सहभागी कर सकते हैं. संस्कृत भारती के प्रांत प्रशिक्षण प्रमुख देव निरंजन दीक्षित ने बताया कि ऐसे वर्गों में हिस्सा लेने से संस्कृत बोलना बहुत सरल तरीके से लोग सीख जाते हैं. पूरे वर्ग में संस्कृत में वातावरण होता है लोग अन्य भाषा का प्रयोग नहीं करते हैं. जिससे धीरे-धीरे लोग संस्कृत बोलने लग जाते हैं. उन्होंने अभिभावको से आह्वान किया कि बच्चों को यदि संस्कार देना है तो उन्हें संस्कृत से जोड़ना पड़ेगा और संस्कृत सीखने के लिए ऐसे प्रशिक्षण वर्ग में भेजना अच्छा विकल्प है. जिला संयोजक और एमजेके कॉलेज के संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉक्टर विभाग कर दुबे ने बताया कि पूरे बिहार झारखंड से लगभग 80 प्रतिभागी इसमें हिस्सा लेंगे वहीं इस वर्ग में संस्कृत भारती के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख श्री देव पुजारी रहने वाले हैं. इस मौके पर विद्या मंदिर के सचिव उमेश श्रीवास्तव, राजेन्द्र कुमार आदि उपस्थित रहे.

भंगहा और बरवा पंचायत में कल लगेगा सहयोग शिविर

इनरवा. मैनाटांड प्रखंड के भंगहा एवं बरवा पंचायत में मंगलवार को विशेष सहयोग शिविर का आयोजन किया जाएगा. शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं एवं शिकायतों का मौके पर ही समाधान करने का प्रयास किया जाएगा. बीडीओ दीपक राम ने बताया कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम लोगों तक पहुंचाने तथा उनकी समस्याओं के त्वरित निष्पादन के उद्देश्य से सहयोग शिविर लगाया जा रहा है. शिविर में राजस्व, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, आवास योजना, मनरेगा, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र सहित विभिन्न विभागों से संबंधित मामलों की सुनवाई की जाएगी.

भारतीय पेंशनर्स मंच ने मनाया सदस्यों का जन्मदिन, दी बधाई



अपने सदस्यों का जन्मदिन मनाते पेंशनर्स मंच के सदस्य .

- उनके उत्तम स्वास्थ्य, सुखमय जीवन एवं दीर्घायु होने की कामना की

प्रतिनिधि, बेतिया

भारतीय पेंशनर्स मंच, बेतिया की ओर से रविवार को अपने तीन सम्मानित सदस्यों शिव शंकर सिंह, शहुद बाबू एवं चंदेश्वर पाण्डेय का जन्मदिन समारोहपूर्वक मनाया गया. इस अवसर पर मंच के सदस्यों ने उन्हें फूलमाला पहनाकर तथा गुलाब का फूल भेंट कर सम्मानित किया और उनके उत्तम स्वास्थ्य, सुखमय जीवन एवं दीर्घायु होने की कामना की. कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सदस्यों ने कहा कि भारतीय पेंशनर्स मंच अपने सभी साथियों के सुख-दुःख में सहभागी बनने का निरंतर प्रयास करता है. इसी भावना के तहत जिस माह किसी सदस्य का जन्मदिन पड़ता है, उस माह सामूहिक रूप से जन्मदिन समारोह आयोजित कर उन्हें सम्मानित किया जाता है. मंच के पदाधिकारियों ने बताया कि यह परंपरा वर्ष 2024 से लगातार जारी है. इसका उद्देश्य पेंशनर्स साथियों के बीच आपसी प्रेम, भाईचारा, सामाजिक जुड़ाव एवं सौहार्द को मजबूत करना है. उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से सदस्यों के बीच आत्मीयता बढ़ती है और संगठन की एकता को नई मजबूती मिलती है.

दी मोतिहारी सेन्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लि0
मोतिहारी

मनी म्यूल

मनी म्यूल

" सावधान "

म्यूल खाताधारक ना बनें

आपका बैंक खाता = आपका पैसा

सतर्क रहें, कहीं आपके खाते का इस्तेमाल अवैध, गैरकानूनी अथवा धोखाधड़ी संबंधी लेनदेन में तो नहीं हो रहा. अपने बैंक अकाउंट को म्यूल अकाउंट ना होने दें.

नोट : विशेष जानकारी हेतु नजदीकी जिला सहकारी बैंक मोतिहारी के शाखा में संपर्क करें.

निवेदक : प्रबंध निदेशक
दी मोतिहारी सेन्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लि0, मोतिहारी

ADMISSION NOTICE-2026

झारखण्ड रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय

राज्य सरकार द्वारा स्थापित तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से मान्यता प्राप्त
मेयर्स रोड (स्कीपा परिसर), रांची

आंतरिक सुरक्षा की पढ़ाई हेतु स्थापित देश का तीसरा विश्वविद्यालय

पाठ्यक्रम

S.No.	Name of Course / Program	Total Seat	Duration of course
1.	M.Sc. in Forensic Science	30	2
2.	M.A./M.Sc. in Criminology & Police Science	30	2
3.	M.A./M.Sc in Public Safety and Disaster Management	30	2
4.	M.Sc. in Computer Application & Cyber Security	30	2
5.	Post Graduate Diploma in Disaster Management	30	1
6.	Post Graduate diploma in Industrial Security & Fire Safety Management	30	1
7.	B.Sc.in Forensic Science (BFS)	60	4
8.	B.Sc. in Computer Application & Cyber Security (BCACS)	60	4
9.	B.A/B.Sc. in Criminology & Police Science	60	4
10.	B.BA. in Security Management	60	4

Online एडमिशन फार्म भरने की तिथि

1st June to 30th June 2026

विशेष जानकारी के लिए **Login** करें

www.jrsu.ac.in

https://universities.jharkhand.gov.in/

झारखण्ड सरकार के द्वारा विश्वविद्यालय के डिप्लोमा/डिग्री प्राप्त विद्यार्थियों को झारखण्ड पुलिस बल में नियुक्ति के लिए अधिमानता **(Weightage)** स्वीकृत।

! अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें !

फोन न.–0651–2285848 मोबाईल नं. 8825335447, 7488151393, 6202972348 ईमेल –jharkhandrsu@gmail.com

1. Students with valid CUET Score may apply those not having CUET Score may also apply on the basis of 12th Marks. However preference will be given to Students with valid CUET Score.
2. Candidate can submit their application through Chancellor Portal.
3. Admission may continue further if the seat remaining vacant even after beginning of the session, T&C apply.
4. Admission Form Fee is **Rs 400/- (Online)**

Sd/- Dr. Hemendra Kumar Bhagat
Registrar, JRSU

No. : 07/JRSU/Exam/54/2026/329, Date : 30/05/2026

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक ! | **punjab national bank** ...the name you can BANK upon !

SAM विभाग, अंचल कार्यालय -चम्पारण, उज्जवल कॉमप्लेक्स, चाँदमारी चौक, मोतिहारी-845401, ई-मेल : cochamprecovery@pnb.bank.in

अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना (ई नीलामी बिक्री सूचना)

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9 (1) के तहत पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल संपत्तियों के विक्रय हेतु ई–नीलामी सूचना. एतद द्वारा सामान्य रूप से आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं) एवं बंधककर्ता(ओं)/जमानतदार (ओं) को सूचना दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियों को संरक्षित / सुरक्षित लेनदार को बंधक/प्रभारित किया गया है, जिसका रचनात्मक /भौतिक/सांकेतिक (जो भी लागू हो) जिसका कब्जा बैंक के अधिकृत अधिकारी /प्रतिभूत लेनदार द्वारा लिया गया है. संबंधित उधारकर्ता(ओं) और जमानतदा(रों) से बैंक /सुरक्षित लेनदार होने के कारण अपनी बकाया राशि की वसूली के लिए नीचे दिये तालिका में उल्लेखित तिथि पर ''जहां भी है'', ''जैसा भी है'', ''जो कुछ भी है'' और ''जिस अवस्था में है'' के आधार पर बेचा जाएगा. सुरक्षित मूल्य और अग्रधन जमा राशि संबंधित संपत्तियों के सामने नीचे दिये गये तालिका में उल्लेखित है.

सुरक्षित संपत्तियों की अनुसूची
ई नीलामी की तिथि : 16.06.2026 (ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि: 16.06.2026 पूर्वाह्न 11.00 बजे तक)

शाखा का नाम / खाता का नाम एवं संख्या / नाम एवं पता उधारकर्ता/ गारंटर के खाते का	बंधक रखी गई अचल संपत्तियों का विवरण/स्वामी का नाम [संपत्ति(यों) के बंधककर्ता]-	ए) मांग सूचना कि तिथि U/S 13(2) / बी) बकाया राशि 13(2) नोटिस तिथि को / सी) कब्जा तिथि U/S 13(4) / डी) कब्जे की प्रकृति- प्रतिकात्मक/भौतिक/रचनात्मक	ए)सुरक्षित मूल्य- / बी) ईएमडी / सी) बीड वृद्धि की राशि	ई-नीलामी की तिथि/समय	भार का विवरण- सुरक्षित लेनदार
पीएनबी-eubi बेतिया बलिराम कुमार 223910NC00000039 बलिराम कुमार पिता-रूदल प्रसाद, वार्ड नं0-14, जगदीशपुर, थाना-मझौलिया, अहवार शेख, पश्चिमी चम्पारण-845459	भूमि और भवन जो कि नामित है बलिराम कुमार, पिता-रूदल प्रसाद के नाम जिसका सेल डीड नं0-15096, दिनांक 07.08.2019, खाता नं0-34, खेसरा नं0-134, थाना नं0-134, तौजी नं0-951, मौजा-जगदीशपुर, थाना-जगदीशपुर, अंचल-नौतन, जिला-पश्चिम चम्पारण, क्षेत्रफल-2 धुर, 10 धुरकी. **चौहद्दी** :- उत्तर-प्रमोद यादव, दक्षिण-रास्ता 10 फीट, पूरब-इरफान अंसारी, पश्चिम-निज लेख्यकारी.	ए) 31.05.2023 बी) रू0 490862/- 31.05.2023 को+ पूर्ण भुगतान होने तक अतिरिक्त ब्याज एवं अन्य शुल्क सी) 23.08.2023 डी) प्रतिकात्मक	ए) रू0 447000/- बी) रू0 44700/- सी) रू0 20000/-	16.06.2026 पूर्वाह्न 11 .00 बजे से अपराह्न 4.00 बजे तक	ज्ञात नही

नियम व शर्तें : बिक्री सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 में निर्धारित नियमों और शर्तों के अधीन होगा और निम्नलिखित शर्तों का पालन करना होगा.
1. संपत्तियां ''जहां भी है'', ''जैसा भी है'', ''जो कुछ भी है'' और ''जिस अवस्था में है'' के आधार पर बेची जा रही हैं.
2. उपरोक्त अनुसूची में निर्दिष्ट सुरक्षित परिसंपत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार बताया गया है, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस घोषणा में किसी त्रुटि, गलत बयान या चूक के लिए जवाबदेह नहीं होगा.
3. बिक्री वेबसाइट https://BAANKNET.COM पर उपलब्ध कराए गए ई–नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से **16.06.2026 को पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपराह्न 04.00 बजे तक** अधोहस्ताक्षरी द्वारा की जाएगी और सुरक्षित लेनदार द्वारा पुष्टि की जायेगी.
4. बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया Website https://baanknet.com & www.pnb.india.in पर जाएं.

स्थान–मोतिहारी
दिनांक : 30.05.2026

रंजीत कुमार
प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नेशनल बैंक, सुरक्षित लेनदार

STATUTORY 15 DAYS SALE NOTICE UNDER RULE 9(1) OF THE SARFAESI ACT, 2002

बिहार सरकार
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग
पशुपालन निदेशालय

पशुधन द्वारा जीवन में गुणात्मक सुधार

क्लासिकल स्वाईन फीवर

राज्य के सभी जिलों के प्रत्येक गाँव/वार्ड में सूकरों में क्लासिकल स्वाईन फीवर रोग के विरूद्ध

दिनांक: 19 मई, 2026 से नि:शुल्क टीकाकरण अभियान
(प्रतिदिन 8 बजे पूर्वाह्न से 4 बजे अपराह्न तक)

पशु स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत राज्य के सभी जिलों में क्लासिकल स्वाईन फीवर रोग नियंत्रण हेतु टीकाकरण कराया जाना है। इस कार्य हेतु मानक संचालन प्रक्रिया का निर्धारण किया गया है। राज्य के सभी जिलों के प्रत्येक गाँव/वार्ड में क्लासिकल स्वाईन फीवर रोग नियंत्रण हेतु टीकाकरण निर्धारित है।

- पशुपालकों से अनुरोध है कि कार्यक्रम का भरपूर लाभ उठायें, अपने सूकरों को क्लासिकल स्वाईन फीवर रोग से बचायें।
- सभी जनप्रतिनिधियों से इस टीकाकरण कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु आग्रह है।
- किसी भी योग्य सूकरों का टीकाकरण नहीं होने अथवा टीकाकरण के दौरान राशि की मांग करने की शिकायत पशुपालन निदेशालय, बिहार, पटना के दूरभाष संख्या: 0612–2230942 पर की जा सकती है।

PR No.- 004649 (Animal)D. 2026-27

विशेष जानकारी हेतु पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, बिहार, पटना के नियंत्रण कक्ष का सम्पर्क सूत्र 0612–2226049
अथवा पशुपालन निदेशालय के आपदा नियंत्रण कक्ष के सम्पर्क सूत्र 0612–2230942 पर सम्पर्क किया जाय।

पशुपालन निदेशालय
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार सरकार
@BiharDFARD